वृन्दावन जाउंगी | By Vishi Arora

वृन्दावन जाउंगी तेरे बिन रह नहीं पाउंगी
आँखों में तेरी तस्वीर श्याम तुझे दिल में बसाउंगी

मतवारे कजरारे नैना उसमे डूब गई मैं
बंधी प्रेम की है ज़ंजीर श्याम तुझे दिल में बसाउंगी

वृन्दावन बरसाना मधुबन मन को भा गया
तुम हो मेरी तक़दीर श्याम तुझे दिल में बसाउंगी

प्रेम की प्यासी इन आँखों में सूरत है तेरी
धीरज ना धरु मैं धीर श्याम तुझे दिल में बसाउंगी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b5%e0%a5%83%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%a6%e0%a4%be%e0%a4%b5%e0%a4%a8-%e0%a4%9c%e0%a4%be%e0%a4%89%e0%a4%82%e0%a4%97%e0%a5%80-by-vishi-arora/